पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने महाशिवरात्रि पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

लखनऊ : 25 फरवरी, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने देश एवं प्रदेशवासियों को पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पर्व हमें अपने जीवन के उद्देश्य को पहचानने और उसे पूर्ण करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने भीतर के शिव को पहचानें और उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

राज्यपाल जी ने कामना की है कि यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए और भगवान शिव की कृपा से हम सबका जीवन उज्ज्वल और शांति से परिपूर्ण हो। देवों के देव महादेव भगवान शिव हमारे जीवन को आशीर्वादित करें, हम सभी को सद्बुद्धि, साहस और समर्पण की शक्ति दें।

कृष्ण कुमार-सूचना अधिकारी
दिलशाद अहमद-सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250